हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 13 जनवरी
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

बांगो बांध के हाइडल प्लांट की रफ्तार की गई 10 घंटे, 84 फीसदी भरा हुआ है बांध
2



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आगामी सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक अनिवार्य रूप से 30 जनवरी तक संबंधित परियोजना कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों के अनुसार कन्या की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियां इस योजना का लाभ ले सकती हैं। आवेदन के समय आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु 5वीं, 8वीं अथवा 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, राशन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। इसके अतिरिक्त आवेदिका के प्रथम विवाह होने संबंधी नोटरी से शपथ पत्र तथा माता-पिता का सहमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी हेतु नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### मकर संक्रांति मेला एवं भव्य गंगा महाआरती कल

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में मकर संक्रांति पर माघ मेला एवं भव्य चित्रोतपला गंगा महा आरती कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में आचार्य पंडित कन्हैयालाल दुबे ने बताया कि बुधवार 14 जनवरी से मकर संक्रांति मेला का आयोजन रखा गया है। यह मकर संक्रांति माघ मेला महोत्सव लगातार 5 दिनों तक चलेगा। जिसका समापन 18 जनवरी दिन रविवार को होगा।

### सचिव की मनमानी : ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत भुईगांव के पंचायत सचिव की कथित मनमानी को लेकर उप सरपंच सहित पंच और ग्रामीणों ने सोमवार 12 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय जनदर्शन में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उप सरपंच एवं पंचों का आरोप है कि पंचायत सचिव अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं। सचिव द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के बदले आम नागरिकों से अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत भुईगांव में पदस्थ सचिव का तत्काल अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए, ताकि पंचायत कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### लूट के आरोपी को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम खपरी में हुए लुट के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार खपरी निवासी वीरू कुर्रे अपने चचेरे भाई संतकुमार कुर्रे के साथ मोटर साइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कोसा में नवल सिंह के घर के पास मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने रास्ता रोककर गाली-गलौच व मारपीट करते हुए उनसे 35 सौ नगद एवं दो मोबाइल फोन लूट लिए। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में धारा 126(2), 309(4), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपी को पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार किया। जिसके कब्जे से 500 नगद तथा ओप्पो व सैमसंग कंपनी के मोबाइल फोन जप्त न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है।

## जिले में 1 लाख 23 हजार से अधिक पंजीकृत कृषक, 82 हजार ने बेचा धान

# खरीदी के लिए सिर्फ 13 दिन, 30 फीसदी किसान अब तक नहीं पहुंचे धान बेचने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसान

समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की अंतिम तिथि भले ही 31 जनवरी निर्धारित है, लेकिन अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो अब धान बेचने के लिए सिर्फ 13 दिन का समय बच गया है। ऐसे में आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले के पंजीकृत 1 लाख 23 हजार से अधिक किसानों में से 82 हजार 302 किसानों से 42 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हुई है, जबकि 40 हजार से अधिक किसान धान बेचने नहीं पहुंचे है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में धान की रिकार्ड खरीदी होती है, इस बार यहां 1 लाख 23 हजार पंजीकृत किसानों से 67 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी करने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया था। इस हिसाब से धान खरीदी के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो रविवार 11 जनवरी तक की स्थिति में जिले में 82 हजार 302 किसानों से 42 लाख 30 हजार 223 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जबकि पंजीयन के हिसाब से अभी भी 40 हजार से अधिक किसान धान बेचने केन्द्रों तक नहीं पहुंचे है। इधर खरीदी की अंतिम तिथि पर नजर डाली जाए तो शासन द्वारा धान खरीदी के लिए 31 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। जिसमतें 19 दिन का समय बाकी है, लेकिन इस अवधि में पड़ रहे शनिवार, रविवार और अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो धान खरीदी के लिए मुश्किल से 13 दिन का समय बच है। ऐसे में यदि पंजीकृत किसान अपना रकबा में निर्धारित 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान बेचने पहुंचते है, तो 13 दिनों में 25 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदने की चुनौती होगी। यानि औसतन हर दिन 2 लाख क्विंटल धान की खरीदी करनी है। हालांकि जिस तरह से इस बार धान खरीदी को लेकर पंजीयन, एग्रीस्टेक, कैरी फारवर्ड और आनलाइन गिरदावरी में विसंगतियां सामने आई है, जिसे सुधरवाने के लिए किसान परेशान हुए है। उसे भी एक कारण माना जा रहा है। कुल मिलाकर कारण चाहे जो भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए लगभग 2 महीने होने को है और अभी तक 30 फीसदी से अधिक किसान धान बेचने नहीं पहुंचे है, जबकि धान खरीदी करने के लिए 13 दिनों का कार्यालयीन समय भी शेष नहीं रह गया है। पटवारी खुद मौके पर जाकर धान का भौतिक सत्यापन भी करेंगे। इस प्रक्रिया के बाद ही अब धान बेचने के लिए किसान का टोकन कटेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में धान बेचने के लिए किसानों को परेशान होना पडेगा।

### चल रहा खरीदी कार्य

धान खरीदी कार्य चल रहा है। अभी भी 30 फीसदी किसान धान बेचने नहीं पहुंच पाए है। वहीं ज्यादा से ज्यादा आवक टोकन काटे जा सके। इसके लिए भी व्यवस्था बनाई गई है। तय समय में लक्ष्य पूरा करने का प्रयास जारी है।

-अमित साहू,
नोडल अफसर
जिला सहकारी बैंक जांजगीर

### पंजीयन के अनुसार होनी है 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी

जिले में पंजीकृत 1 लाख 23 हजार से अधिक किसानों से 67 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी होनी है, लेकिन जिस हिसाब से अभी तक खरीदी हुई है, उसके मद्देनजर 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी इस बार संभव नजर नहीं आ रही है। खरीदी की अंतिम तिथि भले ही 31 जनवरी निर्धारित है, और इसके अनुसार 18 दिन का समय शेष है, लेकिन शनिवार, रविवार और अवकाश को छोड़ दिया जाए तो धान खरीदी के लिए सिर्फ 13 दिन का समय मिल रहा है। वर्तमान में 42 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है, ऐसे में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी 25 लाख क्विंटल धान की खरीदी होनी शेष है।

### रकबा संशोधन के साथ समर्पण का अजीबो गरीब खेल

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में धान की रिकार्ड खरीदी होती है। इस बार एग्रीस्टेक, कैरी फारवर्ड और आनलाइन गिरदावरी में जिस तरह की त्रुटि हुई, उसको लेकर किसान शुरू से लेकर अभी तक परेशान है। रकबा और फसल विवरण का काम अभी तक चल रहा है। इसी के मद्देनजर संशोधन की तिथि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। दूसरी ओर रकबा समर्पण का एक अलग ही काम हो रहा है। जिन किसानों के धान बिकने के बाद रकबा खाली जा रहा है, उसे समर्पित कराने भी अधिकारी जुटे हुए है। इसके लिए शेष रकबा में धान नहीं बेचने की जानकारी दर्ज की जा रही है।

# बड़े भाई की चाकू से हमला कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## नगर पंचायत बम्हनीडीह का मामला




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लकड़ी काटने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बडे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला नगर पंचायत बम्हनीडीह का है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 11 जनवरी की दोपहर करीब तीन बजे मुसलमान मोहल्ला निवासी साहिल खान और उसके बड़े भाई सफर खान के बीच घर के पास रखी लकड़ी काटने को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर साहिल खान ने अपने पास रखे धारदार चाकू से बड़े भाई सफर खान पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने सफर खान के सीने पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बम्हीनडीह पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए तथा मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए गए। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि हत्या लकड़ी काटने को लेकर हुए आपसी विवाद के कारण की गई है। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी साहिल खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डे ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी साहिल खान को सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सोमवार को आरोपी को पकड़ लिया। घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

# संविदा कर्मचारियों ने खोला मोर्चा ठप किया कामकाज, किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली विभाग के अंतर्गत काम करने वाले सवा सौ से भी अधिक संविदा कर्मचारियो ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन प्रारंभ कर दिया है, जिसके कारण विद्युत से संबंधित कई कार्य प्रभावित हो रहा है। संविदा कर्मचारियो का आंदोलन तीन दिनो तक चलेगा।

जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के अंतर्गत आने वाले करीब सवा सौ से भी अधिक संविदा लाइन कर्मचारी अपने 4 सूत्रीय मांगो को लेकर सोमवार 12 जनवरी से तीन दिनो के आंदोलन पर चले गए है, जिसके कारण शहर सहित ग्रामिण क्षेत्रो में विद्युत से संबंधित कई कार्य प्रभावित हो रहा है। पूर्व में भी इन संविदा कर्मचारियो के द्वारा अपनी मांगो को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन इसके बाद भी स्थिती जस की तस बनी हुई थी। इसके बाद संविदा कर्मचारियो ने सोमवार से कामकाज ठप्प कर दिया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगो पर एक नजर डाली जाए तो पहली मांग नियमिती करण की है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नियमित किया जाए। दुसरी मांग सामान्य दुर्घटना के दौरान किसी कर्मचारी की अगर मृत्यू हो जाए उस दौरान अनुकंपा नियुक्त दी जाए। तीसरी मांग है कि महंगाई बढने के साथ साथ उनके वेतन में बृदधी की जाए एवं संविदा कर्मचारियों की चौथी मांग है कि राष्ट्रीय पर्व के दौरान काम करने के एवज में शासकीय बिजली कर्मचारियो के अनुसार ही उनको भी अतिरिक्त वेतन देने सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे है।

### सखी निवास के संचालन के लिए ऑनलाइन आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरुआत की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत सखी निवास के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में 9 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु 23 जनवरी तक आवेदन ऑनलाईन पर आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा। विस्तृत जानकारी

# राजस्व विभाग की टीम ने अवैध धान परिवहन में लगे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



कार्रवाई करते अफसर।

अवैध धान परिवहन पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मालखरौदा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को रात्रि लगभग 8 बजे बलराम ट्रेडर्स ग्राम बन्दोरा से दो ट्रैक्टरों में धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जांच दल ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रैक्टरों को तलाशी ली। तलाशी के दौरान पाया गया कि दोनों ट्रैक्टरों में लगभग 150-150 कट्टी धान लोड किया गया था। टीम द्वारा दोनों ट्रैक्टरों को अवैध धान परिवहन करते हुए जब्त कर लिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को थाना मालखरौदा में सुरक्षार्थ रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध धान परिवहन के इस मामले में नियमानुसार पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक जांच करते हुए आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध धान परिवहन करते ट्रैक्टर सहित 44 क्विंटल धान जब्त

**हसौद।** धान के अवैध कारोबार पर हसौद तहसीलदार की टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है तहसीलदार की टीम ने 44 क्विंटल अवैध धान के साथ परिवहन में प्रयुक्त चार पहिया वाहन ट्रैक्टर को जप्त किया है। राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सक्ती अरुण सोम के विशेष मार्गदर्शन में हसौद राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 11 जनवरी की रात्रि लगभग 10 बजे हसौद तहसील अंतर्गत कुटराबोड़ क्षेत्र में एक ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची हसौद तहसीलदार की टीम ने 44 क्विंटल धान को जब्त किया।

# दीपक वस्त्रालय में आगजनी, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा के अंतर्गत दीपक वस्त्रालय में रात्रि में अचानक आग लगने से पूरा समान जल कर राख हो गया है। बताया जा रहा है कि इस आगजनी से लाखों का नुकसान पहुंचा है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड चौक केरा रोड बिर्रा की है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 11 जनवरी की



आग बुझाने पहुंचे दमकल व पुलिसकर्मी

मध्य रात्रि 12:45 बजे बिर्रा के सिनेमा हाल के बगल में दीपक वस्त्रालय के भीतर से धुआं निकलने की सुचना पर तत्काल बिर्रा पुलिस स्टॉफ व थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू मौके पर पहुंचे। विधुत विभाग को अवगत कराते हुए लाइट बंद कराया गया इसके साथ ही पेट्रोल पंप से फ़ायर एक्सटिंग्विशर लाकर इस्तेमाल किया गया। सिनेमा हाल के मोटर पंप से पानी छिड़काव किया जा रहा था। जिससे आस पास के दुकानों में आग की लपटे न जाये एवं दीपक वस्त्रालय से लगे मेडिकल स्टोर में आग न लगे संपर्क स्थापित होम गॉर्ड की अग्नि समन टीम भी समय रहते पहुंची और स्थानीय जनों का सहयोग लेते हुए आग पर काबू पाया गया। जिससे बड़ी घटना को टला गया। इस कार्य में थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू, प्रधान आर गौतम गोविन्द पाण्डेय, आर रघुवीर यादव व अग्नि समन दल होम गॉर्ड जांजगीर का विशेष सराहनीय योगदान रहा ।

### अखण्ड श्री राम नाम सप्ताह महायज्ञ 21 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत घिवरा में 21 जनवरी दिन बुधवार को अखण्ड श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम घिवरा निवासी रुक्मणी रामेश्वर तिवारी ने बताया कि अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ के आयोजन को लेकर पूरे गांव में उल्लास और आस्था का अद्भुत समागम देखने को मिल रहा है। इस महायज्ञ में आचार्य रमेश कुमार शुक्ला होंगे।

## धोखाधडी के आरोप में 9 जनवरी को हुई थी गिरफ्तारी

# जैजैपुर विधायक से मिलने जिला जेल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जैजैपुर विधायक से मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत।

धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से मिलने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सोमवार 12 जनवरी को जिला जेल पहुंचे। खोखरा भांटा जांजगीर जिला जेल में नेता प्रतिपक्ष ने विधायक बालेश्वर साहू से मिलकर हालचाल जाना। वहीं केस और कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विधायक से मुलाक़ात करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया। सत्ता के दबाव में बालेश्वर साहू को जेल भेजे जाने का आरोप लगाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।डॉ. महंत ने कहा कि विधायक बालेश्वर साहू से मुलाकात के बाद यह पता चला कि पुलिस द्वारा बातों में फंसाकर उन्हें जेल भेजा गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने बालेश्वर साहू की जमानत के लिए पुनः आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की बात कही। वहीं न्यायपालिका पर भरोसा जताया। इस दौरान डॉ. चरणदास महंत के साथ चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्या है मामला

जैजैपुर के कांग्रेसी विधायक बालेश्वर साहू की धोखाधड़ी के केस में शुक्रवार 9 जनवरी को गिरफ्तारी हुई है। बालेश्वर साहू के खिलाफ किसान राजकुमार शर्मा से 42 लाख 78 हजार की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। विधायक को 22 जनवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# टेंपल सिटी के सब्जी मार्केट में अवैध टैक्स वसूली, कार्रवाई की मांग को लेकर हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों में रोड पर टैक्स वसूली एवं 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि वसूले जाने की शिकायत को लेकर पार्षद ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अपनी शिकायत में वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद सुधांशु तिवारी ने कहा है कि मार्केट में लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस अवैध वसूली से आम नागरिकों एवं सब्जी विक्रेताओं में भारी असंतोष एवं भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि टैक्स वसूली किस नियम व प्रावधान के तहत की जा रही है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। बिना नियम बताए की जा रही इस वसूली से आमजन को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर जांजगीर-चांपा को आवेदन



शिकायत करने पहुंचे पार्षद।

देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि यदि वसूली नियम विरुद्ध पाई जाती है तो तत्काल उस पर रोक लगाई जाए तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि टैक्स वसूली से संबंधित सभी नियमों की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए।

## खबर संक्षेप

### अय्यप्पा स्वामी की शोभायात्रा के साथ मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**कोरबा।** 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। विशेष रूप से मलयाली समाज द्वारा मनाई जाने वाली मकर विलक्कु पूजा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस अवसर पर श्री अय्यप्पा स्वामी की मंगल थाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। शोभायात्रा सीतामढ़ी से टीपी नगर होते हुए सुभाष ब्लॉक स्थित अय्यप्पा मंदिर तक पहुंचेगी। पूरी यात्रा केरल की पारंपरिक संस्कृति, वेशभूषा और आस्था की झलक पेश करेगी। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह मकर संक्रांति विशेष मानी जा रही है। ज्योतिषियों के अनुसार इस दिन षट्तिला एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो वर्षों बाद पड़ रहा है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और अनुराधा नक्षत्र का संयोग पर्व की शुभता को और बढ़ाएगा। ज्योतिष गणना के अनुसार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश दोपहर 3:13 बजे होगा, जबकि पुण्यकाल शाम 5:46 बजे तक रहेगा। हालांकि मकर संक्रांति का पर्व सूर्योदय से ही मान्य रहेगा। इस दौरान स्नान, सूर्योपासना, व्रत, भगवान विष्णु की पूजा तथा तिल, गुड़, खिचड़ी और कंबल दान की परंपरा है। मान्यता है कि इन वस्तुओं के दान से दोगुना पुण्य प्राप्त होता है। ज्योतिषी पं. विवेकशील पाण्डेय के अनुसार मकर संक्रांति प्रमुख सौर पर्व है, जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं। सूर्य का अपने पुत्र शनिदेव की राशि मकर में प्रवेश करना कई राशियों के लिए शुभफल देने वाला माना गया है।

### सीएमडी से अरुणीश ने की भेंट, कोयलांचल क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में सीएमडी हरीश दुहन से वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद पीआईसी प्रभारी अरुणीश तिवारी ने भेंटकर क्षेत्र की कुछ ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट गेवरा एवं दीपिका परियोजना में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापना की पुरानी मांग को दोहराते हुए कहा कि इस कोयलांचल क्षेत्र में इस स्तर के एक विद्यालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है जिसके स्थापना से जहां एसईसीएल कर्मचारी के पुत्र पुत्री को लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर आसपास के भूविस्थापित परिवारों को भी लाभान्वित किया जा सकेगा। इस संबंध में पूर्व में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को भी ज्ञापन दिया जा चुका है। चर्चा के दौरान सीएमडी श्री दुहन ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि हमारा प्रयास जारी है आने वाले समय में सुखद परिणाम मिलने की पूरी संभावना है भेंट वार्ता के दौरान अरुणीश तिवारी ने कहा कि एसईसीएल के ठेका कार्यों में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में लगातार गिरावट आ रही है जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि लोग ठेका प्राप्त करने के इस प्रतिस्पर्धा में इतना बिलो रेट में काम ले लेते हैं की एस्टीमेट के अनुरूप काम करना उनके लिए संभव नहीं है मसलन 5 लाख के काम को 50 से 60 प्रतिशत बिलो रेट में डेढ़ लाख और 2 लाख में लेकर आ जाएंगे। लिहाजा किसी ऐसे नीति का निर्धारण करना चाहिए की एक सीमा रेखा रहे जिससे नीचे जाकर कोई भी ठेकेदार या ठेका एजेंसी कार्य न ले सके। चर्चा के दौरान अरुणीश तिवारी के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश तदवानी एवं श्रीकांत सोनकर उपस्थित थे।

### मंगल भवन सहित खेल परिसर का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर की लंबे समय से चली आ रही मांग अब हकीकत में बदलने जा रही है। बांकीमोंगरा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देते हुए गजरा मैदान को अब एक व्यवस्थित स्टेडियम का स्वरूप दिया जाएगा। साथ ही, नागरिकों की सुविधा के लिए एक भव्य मंगल भवन का निर्माण भी किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और बांकीमोंगरा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा सहित समस्त पार्षदगण के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। स्टेडियम व मंगल भवन का निर्माण 1 करोड़ 61 लाख में किया जाएगा, जिसमें मंगल भवन 96 लाख रुपए व गजरा मैदान 65 लाख रुपए सौंदर्यीकरण होगा। इस दौरान भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने कहा कि मैदान के स्टेडियम बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जनता का विश्वास और क्षेत्र का विकास ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। साथ ही मंगल भवन के निर्माण से शहरवासियों को शादी-ब्याह और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान प्राप्त होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर की जनता की सुविधा के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है और यह परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो,पार्षद हेमंत साहनी, प्रमोद सोना, प्रमिला सायतोड़े उपस्थित थे।

# बांगो बांध के हाइडल प्लांट की रफ्तार की गई 10 घंटे, 84 फीसदी भरा हुआ है बांध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध का वाटर लेवल अब धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन अभी भी बांगों बांध में 84 फीसदी पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से बांगो बांध पर बने हाईडल प्लांट की रफ्तार 10 घंटे की गई है और हसदेव नदी में 1250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है, ताकि रबी फसल के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके।

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। इस वर्ष बारिश के मौसम में बांगो डेम के कैचमेंट एरिया में झमाझम बारिश हुई थी, जिसकी वजह से डेम का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ा था और डेम लबालब हो गया था। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 357.06 मीटर पानी भरा हुआ है, जो कुल जल भराव का 84.78 प्रतिशत है। पूर्व में हाइडल प्लांट को महज दो से तीन घंटा ही संचालित किया जा रहा था, लेकिन रबी फसल के लिए पानी की डिमांड की गई है। जिसकी वजह से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 10 घंटे कर दी गई है। जिससे 1250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी हसदेव दर्री बराज पहुंचते ही आरबीसी नहर में 1031.80 क्यूसेक तो एलबीसी नहर में 104.93 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में किसान यदि पानी की डिमांड और करते हैं तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी। बताया जाता है कि फरवरी महीने से किसानों द्वारा पानी की डिमांड जैसे ही की जाएगी रफ्तार बढ़ाकर किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा, क्योंकि बांगों बांध में इस साल पर्याप्त पानी है। गर्मी के दिनों में निस्तारी के लिए भी बांध के हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी।

**1250 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में**

**खास बातें**

- एलबीसी और आरबीसी नहर में भी छोड़ा जा रहा है पानी
- बारिश में खोले गए थे गेट



## विद्युत वितरण विभाग ने रविवार की शाम तक नहीं लिखाई रिपोर्ट

# राखड़ अनलोड करते एलटी लाईन के 16 विद्युत पोल हुए धराशायी, ढेलवाडीह सहित तीन गांव अंधेरे में





क्षतिग्रस्त खंभा एवं टूटा तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राखड़ अनलोड करने के लिए रात को पहुंची ट्रेलर के चालक में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम ढेलवाडीह के 11 केवी व एलटी लाइन के डेढ़ दर्जन विद्युत पोल को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे लाइन में शॉर्ट सर्किट हो गई और ढेलवाडीह सहित आसपास के तीन गांव में अंधेरा छा गया। पिछले दो दिन से गांव में अंधेरा छाया हुआ है और विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा युद्ध स्तर पर विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का कवायद शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी भी विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में काम से कम एक दिन का वक्त और लगेगा। इस घटना के बाद विद्युत विभाग को लगभग चार लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। विद्युत वितरण विभाग ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जान शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात राखड़ से भरी एक ट्रेलर दादर-ढेलवाडीह मेन रोड पर राखड़ अनलोड करने पहुंची हुई थी। इस दौरान ग्राम ढेलवाडीह में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रेलर के चालक ने एलटी लाइन व 11 केवी के 16 विद्युत विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद दादर, ढेलवाडीह और रापाखर्रा गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे तीनों गांवों में अंधेरा छा गया। देर रात हुई घटना से लोक सख्ते में आ गए और उन्होंने शॉट सर्किट की तेज आवाज सुनी तो वे बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि ट्रेलर के चालक ने खम्भों को अपनी जद में लिया हुआ था और जिसकी वजह से विद्युत पोल धरासायी हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को विद्युत वितरण विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी जहां इस घटना के बाद विद्युत वितरण विभाग को लगभग 4 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है।

**खास बात**

- मौके पर ही खड़ी है ट्रेलर वाहन, विभाग जुटा विद्युत व्यवस्था बहाल करने में



दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

**बहाल करने में जुटी है टीम**

ग्राम ढेलवाडीह में राखड़ अनलोड करने के दौरान एक ट्रेलर ने विद्युत विभाग के एलटी व 11 केवी के लगभग 16 विद्युत पोल को अपनी चपेट में लिया है, जिससे ढेलवाडीह में बिजली बंद है। लाइन को बहाल करने के लिए विभाग की टीम जुटी हुई है। सोमवार की देर शाम तक विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

-रोशनलाल वर्मा, डीई, विद्युत वितरण विभाग, शहर

**एक दिन बाद भी नहीं हुआ अपराध दर्ज**

ग्राम ढेलवाडीह में लापरवाह ट्रेलर के चालक इंद्रदेव पटेल ने विद्युत विभाग के ढेड़ दर्जन से अधिक विद्युत पोल को धरासायी कर दिया है। सड़क पर बिजली के तार बिखरे पड़े हैं, खंभे टूटे हुए हैं और पेड़ भी क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर गिर गया है। ट्रेलर चालक घुड़देवा निवासी इंद्रदेव पटेल मौके से फरार हो रहा था, इस मामले को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार की शाम तक न ही किसी ग्रामीणों ने और न ही विद्युत विभाग के किसी जिम्मेदार अफसर ने ट्रेलर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में प्राथमिक विभाग के भैया बहनों हेतु शिशु नगरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें कक्षा अरुण उदय से पंचम तक के भैया बहनों व उनकी माताओं ने हिस्सा लिया। इस रंगमंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम, भारतमाता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

हसदेव शिक्षण समिति के अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीति शर्मा पार्षद राजीव नगर, विशिष्ट अतिथि फिरत राम साहू पार्षद स्याही मुड़ी, नवल किशोर शुक्ला पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर दर्री, बद्री प्रसाद स्वर्णकार, चंदू लाल राठौर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आनंद मेले का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा फीता काटकर व श्री गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

तदोपरांत अतिथियों ने आनंद मेला के व्यंजनों का स्वाद लिया। नन्हे बच्चों ने फरा, चीला, चौसेला, चाउमीन, इडली, ढोकला, केक, अंकुरित अनाज, फ्रूट सलाद, भेलपुरी, भजिया, समोसा, गुपचुप आदि के स्टॉल लगाये।

### अवैध कब्जाधारियों पर एसईसीएल प्रबंधन ने कसा शिकंजा

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने प्रगतिनगर आवासीय परिसर में वर्षों से रह रहे गैर अधिकृत लोगों पर अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अब तक खाली कराने की कार्यवाही नहीं होने से निश्चिंत होकर रह रहे अवैध कब्जाधारियों को प्रबंधन ने भारी भरकम किराया जमा करने का नोटिस जारी किया है।

जानकारी के अनुसार प्रगतिनगर आवासीय परिसर में ऐसे कई लोग निवास कर रहे हैं, जो एसईसीएल कर्मचारी नहीं हैं अथवा जिनकी आवंटन अवधि समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वे प्रभाव और पहुंच के दम पर लंबे समय से मकानों पर काबिज हैं। प्रबंधन द्वारा अब इन सभी को अवैध कब्जाधारी मानते हुए किराया जमा करने का नोटिस थमाया गया है। सूत्रों की मानें तो नोटिस में जिस राशि का उल्लेख किया गया है, वह सामान्य मार्केट रेट से कहीं अधिक बताई जा रही है। इसी कारण वर्षों से बेफिक्र होकर रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया है और कई कब्जाधारियों के होश उड़ गए हैं। हालांकि अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस आदेश पर जमीन पर कितना अमल होता है, क्योंकि पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी होने के बाद कार्यवाही ठंडी पड़ जाती रही है। फिर भी इस बार प्रबंधन के रुख को देखकर यह माना जा रहा है कि प्रगति नगर में अवैध कब्जों के दिन पूरे होने वाले हैं।

### रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

**कोरबा।** रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत से मुलाकात की। उनके समक्ष रेल समस्याओं को गंभीरतापूर्वक रखा है। सांसद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी रेलवे को पत्र लिखा है। तत्पश्चात आने वाली बैठक में इन मुद्दों पर पूरा ज़ोर लगाया जाएगा कि शीघ्र अतिशीघ्र यह सुविधा कोरबावासियों को मिल सके। जनता को जो असुविधा हो रही है वो कष्टदायी है। यह सब जानते हैं एवं रेल अधिकारी भी इन चीज़ों से अवगत है। जो कोरबा के विकास मे बाधा बनी है।

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /2025-26
ग्राम - चांपा

आवेदक श्रीमती कीर्ति सिंह बेवा स्व. खगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बिर्रा, तहसील-बम्हनीडीह, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम चांपा, स्थित भूमि ख.नं. 2472/10. 2473/10 रकबा 0.10 एकड़ /0.040 हे. गैर आदिवासी व्यक्ति अनावेदक बसंत कुमार दुबे के पास विकय किये जाने की अनुमति हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 के तहत आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज कलेक्टर महोदय जांजगीर चांपा को प्रस्तुत किया गया है। जिसमें इस न्यायालय से 17 बिंदुओं पर प्रतिवेदन मय दस्तावेज चाही गई हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.01.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।।

**तहसीलदार**
**चांपा**

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत कुमार दुबे पिता चंद्रमणी प्रसाद दुबे निवासी-मारूति बिहार कॉलोनी चांपा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम चांपा स्थित भूमि खसरा नं. 2606/2 रकबा 1.15 एकड़ में से 0.75 एकड़ भूमि का व्यवसायिक डायवर्सन 26.09.2009 को मेरे द्वारा कराया गया है एवं वर्तमान में उसी व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि के कुछ भाग पर पेट्रोल पम्प की स्थापना की गई है एवं शेष भाग कृषि भूमि है उक्त डायवर्सन 0.75 ए. भूमि को व्यपवर्तित भूमि एवं स्थापित पेट्रोल पंप की भूमि को राजस्व अभिलेख में सही प्रविष्टि कर शेष भूमि यथावत रखे जाने आवेदन, बी-1 खसरा, डायवर्सन की आदेश की प्रति एवं पेट्रोप पंप की प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.01.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 09.01.2026
पेशी दिनांक 16.01.2026
**तहसीलदार, चांपा**

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बच्चेदानी की थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी मर्दानी 3

**मुंबई।** मर्दानी 3 ' में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। मेकर्स इस फिल्म को शिवानी की अच्छाई और खौफनाक बुराई के बीच एक खूनी और हिंसक टकराव के रूप में पेश कर रहे हैं, जहां वह देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के लिए समय के खिलाफ एक असाधारण रेस शुरू करती हैं। रानी मुखर्जी पहले ही खुलासा कर चुकी हैं कि यह एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर डार्क, डेडली और ब्रूटल होगी।

लाइफ Style

# सदफ

## भोले बाबा की भक्तिन, रखती हैं व्रत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्प्लिट्सविला 16' में ' सदाफ़ शंकर कौन हैं? मिलिए अफगानिस्तान में जन्मी मॉडल और भगवान शिव की भक्त से, जो इस सीजन की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट बनती जा रही हैं। उनकी बेबाक कॉन्फिडेंस, दमदार मौजूदगी और अनोखी कहानी ने दर्शकों के बीच जिज्ञासा और चर्चा को जन्म दिया है।

9 जनवरी 2026 को स्प्लिट्सविला 16' के शुरू होने के बाद से एक कंटेस्टेंट लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वो न तो गुल्लू हैं, न योगेश। इस कंटेस्टेंट का नाम सदफ शंकर है, जिनका जन्म अफगानस्तान में हुआ है। पिछले दस सालों से भारत में रह रही हैं और इस सीजन की सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई हैं। सदफ शंकर फारसी मूल की मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ और अब मुंबई में रहती हैं। पिछले 10 सालों से भारत में रहकर उन्होंने यहां की संस्कृति को पूरी तरह अपनाया है। वह खुद को "देसी दिल से, फिल्मी अंदाज में और थोड़ी सी ड्रामा क्वीन जन्म से" बताती हैं। सदफ शंकर के इंस्टा पर 1.6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी बायो में लिखा है, 'मैं फेमस हूं, दुनिया को बस अभी पता नहीं चला,' जो उनके आत्मविश्वास को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया के मुताबिक, सदफ़ ने हाल ही में प्रोफेशनल मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। 'सप्लिट्सविला 16' में सदफ का इंट्रोडक्शन उन्हें बेबाक, बोल्ड और नजरअंदाज करना नामुमकिन बताता है, जो अपने लुक्स से सबको इम्प्रेस करती हैं और एक नजर से ही सामने वाले को डराने का दम रखती हैं।




हॉलीवुड मसाला




# बाफ्टा की दौड़ में वन बैटल ऑफ्टर

**लॉस एंजिल्स।** इन दिनों बाफ्टा अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं।




# कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड के जरिए हुए थे काफी मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड विनर डायरेक्टर टॉम चेरोन्स का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। यह डायरेक्टर कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड' के जरिए काफी मशहूर हुए थे। टॉम चेरोन्स ने डायरेक्टर के तौर टीवी से शुरुआत की थी। उन्होंने पहला टीवी सीरियल 'बेब्स इन द वुड्स' किया था। फिर 1990 में उन्होंने 'सीनफेल्ड' नाम का सीरियल डायरेक्ट किया। इस सीरियल ने उन्हें डायरेक्टर के तौर पर अलग पहचान दिलाई। इसी सीरियल के लिए उन्हें एमी अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने क्रिएटर्स जेरी सीनफेल्ड और लैरी डेविड के साथ शेयर किया था। टॉम चेरोन्स ने न्यू मैक्सिको यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री हासिल की थी। बाद में अलबामा यूनिवर्सिटी से टेलीकम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की।



# ओ रोमियो के टीजर में फरीदा ने दी गाली

**मुंबई।** हाल ही शाहिद कपूर की नई फिल्म 'ओ रोमियो' का टीजर रिलीज हुआ, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। जहां इसमें शाहिद चर्चा बटोर रहे हैं, तो वहीं फरीदा जलाल भी छा गईं। हालांकि, उनका अवतार देख फैंस को झटका लगा है। दरअसल, 'ओ रोमियो' के टीजर में फरीदा जलाल गाली देती नजर आ रही हैं। दशकों लंबे करियर में यह पहली बार है, जब फरीदा जलाल गाली देती दिखीं और ऐसा अवतार नजर आया। यही बात फैंस को हजम नहीं हुई और वो हैरान हैं। फरीदा जलाल को यूं गाली देते देख फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'ओ रोमियो' का टीजर 10 जनवरी को रिलीज हुआ। विशाल भारद्वाज की इस फिल्म में पूरी कास्ट की झलक दिखाई गई, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया। पर सबसे ज्यादा ध्यान दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल ने खींचा।



# नीले ड्रम और हनीमून हत्या की वो सच्चाई

**नई दिल्ली।** जिन घटनाओं ने पूरे देश के रोंगटे खड़े कर दिए थे, अब उसकी कहानी ओटीटी पर देखने को मिल रही है। यह सीरीज आपका दिल दहला देने के लिए काफी है। अगर आप इस हफ्ते कोई सीरीज देखने की सोच रहे हैं तो आप इसे अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इस डॉक्यु सीरीज का नाम है हनीमून से हत्या, जो महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या पर आधारित सच्ची घटना पर आधारित है। सीरीज में उन हत्याओं को दिखाया गया जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं और इसने लोगों के दिल दहला दिए। हनीमून से हत्या डॉक्यु सीरीज में जिन घटनाओं को दिखाया गया है, वो मेघालय सोनम रघुवंशी केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, मुंबई (नालासोपारा) टाइल केस और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस शामिल हैं।

टीवी मसाला

# इंडियन आइडल 3 के रह चुके हैं विजेता



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग का 11 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में अपने आवास पर निधन हो गया। प्रशात साल 2007 में 'इंडियन आइडल सीजन 3' के विनर थे जिसके बाद उन्हें काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके अलावा वो वेब सीरीज पाताललोक 2 में भी नजर आए थे। वह 43 साल के थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया। हालांकि अभी इसकी मेडिकल पुष्टि नहीं हुई है। दार्जिलिंग के रहने वाले तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। बाद में कांस्टेबल के रूप में कोलकाता पुलिस में भर्ती हो गए। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पुलिस ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत के प्रति अपने जुनून को हमेशा अपने अंदर पोषित किया। खबरों के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एक लाइव परफॉर्मेंस के बाद राजधानी लौटे थे। इसके अलावा उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य बीमारी भी नहीं थी। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के रूप में सेवा देने से लेकर दक्षिण एशिया में घर-घर में पहचाने जाने वाले नाम बनने तक, तमांग की यात्रा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने हाल ही में 'पाताल लोक' के सीजन 2 में डैनियल लेचो के रूप में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। उनके गीत 'बीर गोरखाली' और 'असारे महिमा' आज भी शक्तिशाली सांस्कृतिक गीतों के रूप में गूंजते हैं। तमांग को 2007 में इंडियन आइडल सीजन 3 जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली। इस जीत के बाद उनका एल्बम 'धन्यवाद' रिलीज हुआ। उन्होंने विदेशों में भी कई जगह परफॉर्म किया।

## टीवी के इन सितारों का फिल्मों में भी बजा डंका

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया को भले ही कुछ लोग कम आंकते हैं। छोटा प्लेटफॉर्म मानते हैं। लेकिन इसी जगह से कई सितारे ऐसे चमके, जिनका न सिर्फ इस छोटे पर्दे पर, बल्कि फिल्मों में भी डंका बजा है। मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं' से पॉप्युलैरिटी हासिल की। और टीवी की दुनिया में काफी नाम कमाया। लेकिन फिल्मों में भी इन्होंने झंडे गाड़े। '3 इडियट्स', 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी सुपरहिट मूवीज का हिस्सा रहीं। करण टैकर और क्रिस्टल डिसूजा को 'एक हजारों में मेरी बहना है' में साथ देखा गया था। और अब दोनों ही टीवी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी धाक जमा रहे हैं। वेब सीरीज से लेकर बॉलीवुड मूवीज में ये नजर आ रहे हैं। इरफान खान हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने दूरदर्शन पर 'चाणक्य', 'भारत एक खोज', 'सारा जहां हमारा', 'बनेगी अपनी बात', 'चंद्रकांता' और 'श्रीकांत' जैसे शोज से नाम कमाया और फिर फिल्मों में भी सुपरहिट एक्टर रहे। 'पवित्र रिश्ता' और 'किस देश में है मेरा दिल' जैसे सुपरहिट शोज में अपने किरदार से घर-घर फेमस होने वाले सुशांत सिंह राजपूत हमारे बीच नहीं लेकिन उन्होंने टीवी के साथ-साथ फिल्मों में भी हाथ आजमाया था और शानदार काम के लिए कई खिताब भी जीते थे।



# FA9LA गाने के सिंगर फ्लिपराची करेंगे इंडिया का टूर

*मुंबई। धुरंधर अपनी कहानी के अलावा दर्शकों के बीच गाने '**FA9LA**' के कारण भी खूब चर्चा में रही। यह गाना बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने तैयार किया है। जल्द ही वह भारत का टूर कर रहे हैं। धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। फिल्म 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म का गाना **FA9LA** अब भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस गाने पर देश ही नहीं, दुनिया भर में रील्स बन चुकी हैं। **FA9LA** के सिंगर रैपर फ्लिपराची हैं। उनकी भारत में भी अब अच्छी खास फैन फॉलोइंग हो चुकी है। अपने इंडियन फैंस का मनोरंजन अब फ्लिपराची लाइव करेंगे। जल्द ही भारत में उनका म्यूजिक टूर शुरू होगा।*

## भारत के किस शहर में होगा पहला शो



सिंगर, रैपर फ्लिपराची के इंडिया टूर की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वह अपना पहला लाइव शो बेंगलुरु में करेंगे। इस बात की जानकारी रैपर ने खुद इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा की है। म्यूजिक टूर की बाकी तारीखों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। लेकिन, इसके लिए रैपर फ्लिपराची ने अपने इंडियन फैंस सजेशन मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि फैंस अपने शहरों के नाम बताएं, जिसके बाद तय होगा कि वह अगला शो कहां करेंगे।

## अक्षय को फ्लिपराची के गाने से मिली लाइमलाइट

फिल्म धुरंधर के गाने **FA9LA** में अक्षय खन्ना ने भी कुछ वायरल डांस स्टेप्स किए। इस वजह से वह भी खूब चर्चा में रहे। फिल्म में लीड रोल रणवीर सिंह का था लेकिन अक्षय खन्ना को इस गाने के कारण ज्यादा सराहा गया। ऑडियंस को **FA9LA** गाने की जोरदार बीट्स और एनर्जी काफी पसंद आई। इस गाने के लिए फ्लिपराची को इंडिया में काफी फेम मिला।

# दो आंखें बारह हाथ से लेकर एआर रहमान तक गोल्डन ग्लोब में अब तक ऐसा रहा भारत का सफर

**नई दिल्ली।** गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स फिल्म और टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल हैं। हर साल की तरह इस साल भी जनवरी में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आयोजित होने जा रहे हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में किया जाएगा। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह का प्रसारण सोमवार यानी 12 जनवरी को सुबह छह बजे होगा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में कैसा रहा भारत का सफर? किस भारतीय फिल्म या कलाकार को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और कौनसी फिल्में व कलाकार हुए नामित।

***दो आखें बारह हाथ को मिला था गोल्डन ग्लोब*** : साल 1944 में शुरु हुए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली उपलब्धि साल 1957 में मिली। जब दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ'को गोल्डन ग्लोब में नॉमिनेशन मिला। साथ ही इस फिल्म ने एक स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड भी अपने नाम किया। 'दो आंखें बारह हाथ'को सैमुअल गोल्डविन अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला था।



***गांधी फिल्म ने लहराया था परचम*** : दो आंखें बारह हाथ के लगभग 26 साल बाद साल 1983 में रिचर्ड एटनबर्ग की फिल्म गांधी ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में परचम लहराया था। इस फिल्म ने कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीता था। गांधी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले, नया कलाकार और सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था।

***मीरा नायर की सलाम बॉम्बे और मानसून वेडिंग को मिला नॉमिनेशन*** : गांधी के बाद साल 1989 में मीरा नायर की फिल्म सलाम बॉम्बे को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। हालांकि, फिल्म यह पुरस्कार अपने नाम नहीं कर सकी थी। तब यह अवॉर्ड 'पेल द कॉन्करर' को मिला था। इसके बाद साल 2002 में एक बार फिर मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की कैटेगरी में नामित हुई। लेकिन, यहां भी मीरा नायर को निराशा मिली और अवॉर्ड क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन को मिला।

***2009 में एआर रहमान बने गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय*** : 1983 में गांधी के अवॉर्ड जीतने के बाद भारत के लिए गोल्डन ग्लोब से अच्छी खबर सीधे 2009 में आई, जब दिग्गज संगीतकार एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल म्यूजिक स्कोर की कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला था। रहमान ने फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के लिए इस अवॉर्ड को अपने नाम किया था। इसके साथ ही एआर रहमान व्यक्तिगत रूप से गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।

## दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा, नाम था मनोरमा

# घरों में झाड़ू-पोछा करने वाली, फिल्मों में बनाए रिकॉर्ड, गिनीज बुक में नाम

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में ऐसे कई नगीने उभरे हैं, जिन्होंने मुफलिसी में जिंदगी गुजारी, पेट पालने के लिए फाके करने पडे, पर कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपनी किस्मत की लकीरें सुधारीं, बल्कि दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक कलाकार रहीं, जिनके बारे में बता रहे हैं। फिल्मों में आने से पहले यह एक नौकरानी थी। लोगों के घरों में जाकर जूठे बर्तन मांजती और साफ-सफाई करती थी, पर जब फिल्मों में आई तो हर कोई इसका हुनर देख दंग रह गया। दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा। नाम था मनोरमा, जिन्हें प्यार से 'आची मनोरमा' भी कहा जाता था। इन्होंने अपने कॅरियर में पांच-पांच मुख्यमंत्रियों संग काम किया था। हालांकि, उनका असली नाम गोपीशांता था।



## गरीबी में जन्मा एक सितारा जो दुनिया भर में चमका

आची मनोरमा तमिलनाडु के मन्नारगुड़ी में एक गरीब परिवार में पैदा हुई थीं। परिवार की स्थिति ऐसी नहीं थी कि भरपेट खा सकें। इसलिए मां नौकरानी का काम किया करती थीं। मनोरमा ने अपने करियर में 1500 से अधिक फिल्में कीं और 5 हजार से ज्यादा स्टेज शोज किए थे। उन्होंने कई टीवी सीरियलों में भी काम किया और नेशनल अवॉर्ड भी जीता। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तक में दर्ज किया गया। हालांकि, यहां तक का सफर बहुत टेढ़ा-मेढ़ा और कठिनाइयों भरा था, जिसकी शुरुआत मां की जानलेवा बीमारी के साथ हो चुकी थी।

## घरों में नौकरानी बन गईं

मनोरमा की मां को कैंसर था। वह लोगों के घरों में नौकरानी का काम करती थीं, पर बीमारी की वजह से वह काम भी छूट गया और भूखे मरने की नौबत आ गई। मनोरमा ने जब देखा की मां को खून की उल्टियां हो रही हैं, तो वह टूट गई थीं। उस वक्त वह सिर्फ 11 साल की थीं, पर उन्होंने नन्ही सी उम्र में ही घर का भार संभाल लिया। मनोरमा ने स्कूल जाना छोड़ दिया और घर-घर जाकर बर्तन साफ करने और चूल्हे-चौके का काम शुरू कर दिया। उससे जो पैसे मिलते, उनसे घर का गुजारा चलता। लेकिन मां का इलाज तब भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि आमद इतनी नहीं थी।

## मुख्यमंत्रियों संग कीं फिल्में, कभी वो थे एक्टर

मनोरमा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में पांच मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया था। ये थे- एनटी रामाराव, एन अन्नादुरई, जयललिता, एम.जी. रामाचन्द्रन और एम करुनानिधि। दरअसल, ये सभी मुख्यमंत्री बनने और राजनीति में आने से पहले फिल्मों में एक्टिव थे। उसी दौरान मनोरमा ने इन सभी के साथ फिल्में की थीं। मनोरमा ने 1960 तक तो फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए और एक्टिंग की, लेकिन फिर वह कॉमेडी रोल करने लगीं। इसके बाद तो उनके करियर को और नई जिंदगी मिली। कॉमेडी में मनोरमा को खूब पसंद किया गया।

## इस शख्स का एहसान मानती थीं

मनोरमा ने एक बार हमारे सहयोगी 'ईटाइम्स' को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर एक्टर कनादासन नहीं होते, तो वह भी जिंदा नहीं होतीं। उन्होंने ही एक्ट्रेस से कहा था कि अगर सिर्फ एक्टिंग की करती रहोगी तो इंडस्ट्री वाले कुछ साल में ही बाहर उठाकर फेंक देंगे, और कॉमेडी करोगी तो बहुत आगे तक जाओगी। मनोरमा ने करीब 57 साल तक फिल्मों में काम किया, एक्टिंग की और ढेरों गाने गाए। उन्होंने लगभग सभी पॉपुलर म्यूजिक डायरेक्टर्स के लिए गाने गाए।

## ऐसे मिला था एक्टिंग का मौका, सिंगर भी कमाल की

ऐसे में तब मनोरमा ने कुछ और काम करने की भी सोची। उसी दौरान एक नाटक मंडली उनके गांव में आई। बताया जाता है कि उस मंडली की हीरोइन गाना नहीं गा पा रही थी। मनोरमा ने गाने की पेशकश की। उन्होंने गाना गाया और इस तरह 11 साल की उम्र में ही एक्टिंग के साथ-साथ सिंगर के तौर पर भी शुरुआत हो गई। मनोरमा एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की सिंगर भी थीं, और इसी से उनके लिए फिल्मी दुनिया के रास्ते खुले।

## 1500 से ज्यादा फिल्में गिनीज बुक में दर्ज नाम

मनोरमा को नाटक मंडली में काम करते हुए पहली फिल्म 'इनबावाज्वु' मिली और वह छा गईं। इसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। मनोरमा ने एक के बाद एक 1500 से अधिक फिल्मों में काम किया। इसी के कारण उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

**बलौदा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा शैक्षिक सत्र दिसंबर जनवरी 2026 सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अधिसूचना जारी किया जा चुका है। महाविद्यालय के समन्वयक प्राचार्य डॉ .ए .एल सांडे अध्यन केंद्र सहायक पंकज गौरहा, अतुलराज करिहार ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में 1 जनवरी से ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। छात्र 28 फरवरी तक आनलाइन प्रवेश आवेदन भर सकते है। जिसमें स्नातक पाठयक्रम बीए, बीएससी, (गणित विज्ञान संकाय) ,बीकॉम, बी बी ए स्नाकोत्तर पाठयक्रम एम ए छत्तीसगढ़ी,संस्कृत, अंग्रेजी, समाज शास्त्र, राजनीत शास्त्र एम एम डब्लू,एमएससी गणित, कंप्यूटर साइंस, बी लिब, एम लिब , पी जी डी सी ए, डी सी ए एस. सी . एस .टी. छात्रों को छात्रवृत्ति पाठ्यसमग्री पोस्ट के माध्यम से घर के पते पर दिया जाता है। इच्छुक छात्र आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जगन्नाथ पाणिग्रही के प्रदेश संयोजक बनने पर हर्ष

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगन्नाथ पाणिग्रही को अटल स्मृति वर्ष क्रियान्वयन के प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। उन्हें इस दायितव के मिलने पर सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल तिवारी सहित उनके सहपाठियों और समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



### विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से पालकों को कराया अवगत




**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पालक–शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर पालकों के स्वागत हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियाँ बनाई गईं। 10 जनवरी को आयोजित इस बैठक में नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम तक के सभी विद्यार्थियों के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से पालकों को अवगत कराना तथा विद्यालय एवं पालकों के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना था।बैठक के दौरान पालकों को बच्चों की प्रगति , पढ़ाई में कमियाँ, अनुशासन, नियमितता एवं व्यवहार की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक सुधार तथा भविष्य की योजना पर उपयोगी सुझाव प्रदान किए।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सक्रिय, पूर्ण एवं सराहनीय भागीदारी रही। प्रत्येक शिक्षक ने पालकों से सीधे संवाद कर विद्यार्थियों की स्थिति स्पष्ट की तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में पालक-शिक्षक सहभागिता को बच्चों की सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से सभी पालकों को उपहार प्रदान कर ससम्मान विदा किया गया।

## निधन

### श्रवण कुमार तिवारी



**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत तागा के प्रतिष्ठित नागरिक पं. श्रवण कुमार तिवारी का हृदय घात से सोमवार 12 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम तागा में मंगलवार 13 जनवरी को सुबह 11 बजे होगा। वे राकेश तिवारी, प्रमोद तिवारी, पद्मा शर्मा के पिता थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जगह-जगह हुए विविध आयोजन

# विवेकानंद ने युवाओं को दिखाया आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोटमी सोनार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा, राष्ट्रनिर्माण और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों की सहभागिता देखने को मिली। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे उनकी शिक्षा तक पहुंच और नियमित विद्यालय उपस्थिति को प्रोत्साहन मिलेगा।मुख्य अतिथि राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद की जीवनी और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि “उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको” का संदेश आज के युवाओं के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। विधायक ने युवाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को प्रदीप सोनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के लिए आदर्श है उन्होंने युवा अवस्था में ही राष्ट्रीय में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया है।कार्यक्रम का संचालन संजय दिलतुदुक ने एवं आभार प्राचार्य डॉ प्रफुल्ल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश सिंह,सरपंच श्रीमती रेखा प्रदीप सोनी, जनपद सदस्य श्रीमती बिरस साहू, भूखाऊराम साहू, उपसरपंच बालू राम मनहर,पंच गंगा प्रसाद मल्होत्रा,रहमान खान,शत्रुघन लाल थवाईत,सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मंचस्थ विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के साथ अन्य अतिथिगण।

### राहौद शिक्षण समिति में मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती

**राहौद।** नगर के राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) राष्ट्रीय स्वयं सेवा जिला -जांजगीर चांपा (छ.ग.)के स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाओ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया । युवा दिवस कार्यक्रम में स्वयं -सेविकाओ द्वारा रंगोली प्रतियोगित, भाषण प्रतियोगिता, निबंध व नगर भ्रमण के माध्यम से आम जनता को जागरुक किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा, डॉ. निर्मल वर्मा कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सुधा कश्यप तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप , सहायक प्राध्यापक जी पी कौशिक , ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवम श्याम साहू,प्रदीप वर्मा, नेहा ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अंजना, अर्चना, समता, सुस्मिता, रेशमा, गीतांजलि,सुनील, प्रवीण, नरेश, विजय, देवेन्द्र तथा सभी स्वयं सेवक तथा सेविका शामिल हुए ।




### युवा दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर पीएम श्री सेजेस क्र. 01 जांजगीर में भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागी, निर्णायक, कार्यकर्ता शामिल हुए। काव्य पाठ प्रतियोगिता प्रथम सौम्या खुंटे सेजेस क्र. 01 जांजगीर, द्वितीय चेलेश चौहान डाइट जांजगीर, तृतीय स्थान गीतांजली गबेल डाइट जांजगीर, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दामिनी चन्द्रा डाइट जांजगीर, द्वितीय रागिनी निषाद ज्ञान रोशनी कॉलेज जांजगीर, तृतीय ईशिका सिदार डाइट जांजगीर एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि वैष्णव, द्वितीय रुचि डहरिया एवं विवेकानंद उ.मा.वि. जांजगीर रीति राठौर तृतीय स्थान का प्राप्त हुआ। विजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदाय कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक गोपेश साहू, विक्रांत साहू, अंकित राठौर, दिनेश चतुर्वेदी, अनुभव तिवारी, कृष्णकांत राठौर, नेहा, प्रतिभा यादव, कविता साहू थे। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती परमेश्वरी सोनी, एस.एस. बघेल, राकेश गढ़वाल, संजना साहू, केबी बरेठ सहित प्रतिभागी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




### शाउमावि में मनाया गया राष्ट्रीय युवा व पराक्रम दिवस

**राहौद।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं पराक्रम दिवस (सुभाषचंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्राचार्य पीएल कौशिक ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी को भारतीय संस्कृति का संदेश वाहक बताते हुए कहा कि शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन 11सितंबर 1893 में उन्होंने भारतीय संस्कृति का परचम लहराया, उन्होंने कहा उठो जागो और तब तक नही रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो साथ ही उन्होंने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के पराक्रम के संबंध में जानकारी दिया जिनके पराक्रम ने अंग्रेजी सत्ता के दांत खट्टे करते हुए आजाद हिन्द फौज की स्थापना की एवं तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा तथा दिल्ली चलो का नारा दिया कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एस के कश्यप व्याख्याता ने किया।



# शैक्षणिक संस्थानों के आसपास धड़ल्ले से बिक रहे नशीले पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बच्चों को नशीले पदार्थ से दूर रखने शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद व नशे के पदार्थ रखना या बेचना प्रतिबंधित हैं, इसके बाद भी स्कूलों के आसपास ऐसे पदार्थो की बिक्री की जा रही है । स्कूलों के 91 मीटर के दायरे में गुटका, पाउच में नशे के सामान खुलेआम बेचे जा रहें हैं। इससे आकर्षित हो बच्चे नशे की चंगुल में फसते जा रहें हैं। बच्चों में बढ़ रही नशे की लत से बचाने बनाये गए नियमों का खुला उलंघन हो रहा हैं, जो की देश व समाज के लिए घातक है।

नगर के बीडीएम चिकित्सालय रोड में शहर के दो प्रमुख लायंस स्कूल व सरस्वती शिशु मंदिर, प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। ऐसे ही शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, टाउन प्राथमिक स्कूल, बरपाली स्कूल सहित नगर प्रायः सभी स्कूलों के महज 20 मीटर की दूरी पर की दुकानें गुटखा बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू पान मसाला सजा कर बिक्री की जा रही हैं, जहां स्कूली बच्चे भी सामान खरीद रहे हैं रोक टोक करने वाला कोई नहीं है। इस ओर शाला प्रबंधन भी उदासीन हैं वहीं प्रशासन भी मुकदर्शक बनी हुई है। समाज में बढ़ रही नशाखोरी को मद्देनजर मानवाधिकार जनजागरण फाऊंडेशन के जिला संयोजक मोहन लाल ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर शैक्षणिक संस्थानों के आसपास चल रहे दुकानें व ठेलों में बेचे जा रहे सिगरेट तंबाकू पान मसाला गुटखा की बिक्री पर रोक लगाते हुए संचालित दुकानों को बंद करा उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग किया गया है।



### जैजैपुर विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बिर्रा।** जैजैपुर विधायक एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर साहू की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश रविवार 11 जनवरी को फूट पड़ा। शाम 5 बजे बिर्रा के बस स्टैंड चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए राजनीतिक द्वेष के तहत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी गई कि यदि विधायक को शीघ्र रिहा नहीं किया गया, तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। पुतला दहन को देखते हुए मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कमलेश कश्यप,विशाल सिंह, रज्जाक खान, विनोद खुटे, कृष्णा साहू, मनोज चंद्रा,प्रदीप पटेल, लक्ष्मी चौहान, सुनील चंद्रा, विजय जोशी, खिरेन्द्र जायसवाल, मयंक दिवान, लोकेंद्र कश्यप, पितांबर कश्यप, भूपेन्द्र साहू, चिरंजीव साहू, यशोदा लाल, दूधनाथ साहू, दिनेश साहू, प्रदीप देवांगन, किशन देवांगन, करन देवांगन, अभिषेक पटेल, राजू आदित्य, आशीष खुटे, शिव साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी युवाओं को आगे बढ़ाने कर रही काम : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजंगीर-चांपा

मनरेगा बचाओ अभियान के तहत सोमवार 12 जनवरी को जिला स्तरीय युवा कांग्रेस सम्मेलन का आयोजन शहर के एक होटल में संपन्न हुआ। मनरेगा बचाओ महापंचायत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

- मनरेगा बचाओ अभियान : जिला स्तरीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं जिला प्रभारी निखिलकांत साहू उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ. महंत ने कहा कि आज युवा दिवस है और स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतीक हैं। देश को आज युवाओं की सबसे अधिक आवश्यकता है और कांग्रेस पार्टी युवाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश के सभी जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रही है। आने वाले समय किस प्रकार आंदोलन होगा इस पर चर्चा कर रहे है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून में किया जा रहा बदलाव मजदूरों और गरीबों के खिलाफ है। इसके विरोध में कांग्रेस और युवक कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव योगेंद्र प्रताप सिंह (गौरव), युकां जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, गुलज़ार सिंह, धीरेन्द्र वाजपेयी, भगवान दास गढेवाल, रामविलास राठौर हरीश पाण्डेय, किशन सोनी, शास्वत धर दीवान, हर्षवर्धन सिंह, मितेश यादव भोलू, गगन गुरुद्वान आदि उपस्थित थे। अंत में बीटीआई चौक पर विधायक बालेश्वर को जेल भेजने के विरोध में पुतला दहन किया गया।


कार्यक्रम में डॉ. महंत के साथ उपस्थित अन्य अतिथिगण।

# फेडरेशन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा अकलतरा द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन आल्हा पेट्रोल पंप में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारी-अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील अकलतरा का नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित

समारोह में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल में शामिल सभी कर्मचारी-अधिकारियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनका सम्मान किया तथा स्पष्ट आश्वासन दिया कि फेडरेशन से जुड़े 125 संगठनों के किसी भी कर्मचारी-अधिकारी के अधिकारों का हनन होने पर राजधानी से सीधा आंदोलन किया जाएगा और प्रांतीय नेतृत्व में संघर्ष कर अधिकार दिलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फेडरेशन सभी विभागों की मांगों को प्रमुखता से रखते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रिय ने हड़ताल के माध्यम से प्रदेश-स्तरीय एकता का परिचय देने की बात कही और शिक्षक एलबी संवर्ग की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम को बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पंकज पांडेय, स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, मंत्रालय कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा एवं पेंशनर फोरम के प्रांताध्यक्ष बी.पी. शर्मा ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रवीण दुबे ,ओमप्रकाश राठौर रामशरण सिंग सर्वा ,विनोद तिग्गा ,पवन साहू ,हितेश तिवारी ,ईश्वरी कश्यप डी आर भारते विवेक चंदेल विष्णु पटेल दिनेश तिवारी रमाशंकर जगत सुरेन्द्र नोर्गे सुखदेव टंडन संतोष साहू एस एस नर्मदा अर्जुन झाड़े ओमप्रकाश चंद्राकर स्वप्न सिंह जगत सिद्धांत कुर्रे संतोष ध्रुव दिलीप साहू वीरेंद्र शांडिल्य रूपेश सिंह रमाकांत परोहा विष्णु यादव ओमप्रकाश यादव गिरवर शांडिल्य गीता कौशिक सुरेंद्र बारगाह विशाल यादव पी एल साहू प्रवीण तिवारी सतीश राठौर विष्णुचरण पटेल अभिमन्यु जगदीश श्रीवास जगन्नाथ जगत व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।


नववर्ष मिलन समारोह में उपस्थित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर मछुआरा समाज ने सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय मछुवारा संघ प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों श्रीमती गायत्री गायग्वाल के नेतृत्व में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और संचालक एमएनएस नाग से मुलाकात कर मछुवारा समाज के लोगों की सहकारी समिति पंजीयन,पंचायत द्वारा तालाब आबंटन, गैर मछुआरा समाज को पैसे लेकर गलत तरीके से पट्टा संबंधी समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया था। इसी कड़ी में कुलीपोटा जांजगीर में मछली पालन विभाग के उप संचालक अलका स्वर्णकार को भेट कर मछुआरा समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कैसे मछुवा सहकारी समिति के रूप में गैर मछुवारा लोगों का पंजीयन किया गया है और उसे तालाब जलाशय आवंटन किया गया जिससे वहां निवासरत जातिगत मछुवारा में बेरोजगारी निर्मित हो रहा है। उप संचालक ने तत्काल सम्बन्धित विकासखंड के मछली इंस्पेक्टर को जांच टीम गठित करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालों में भरत लाल धीवर, नवीन धीवर, ताराचंद ढीमर, नन्द लाल धीवर, संतोष धीवर, संतोष धीवर, शिवकुमार धीवर, गोपाल, भोपाल धीवर, रामफल धीवर ,कौशल धीवर, अविनाश मांझी, करन धीवर आदि शामिल रहे।



# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ब्लू बेल इंग्लिश मीडियम स्कूल में रविवार 11 जनवरी को वार्षिकोत्सव प्रतिबिंब 6 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर थे।

- ब्लू बेल स्कूल में वार्षिकोत्सव प्रतिबंब का हुआ आयोजन

विशिष्ट अतिथि के रूप में सक्ती नगर के प्रथम नागरिक श्याम सुंदर अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता दिगंबर प्रसाद चौबे, स्कूल समिति के अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जायसवाल उपस्थित रहे।

स्कूल की डायरेक्टर सुश्री अलका जायसवाल ने स्कूल के स्थापना दिवस से लेकर आज पर्यंत तक स्कूल के सफर के बारे में बताया। स्वागत उद्बोधन दिगंबर चौबे ने दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों को डांस सीखना तराजू में मेंढकों को तौलने के समान हैं, जो कि इधर-उधर भागते रहते हैं उसके बाद भी बहुत अच्छा सिखाया गया है । मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कहा कि वह सक्ती जिले से अतीत से ही जुड़े हुए हैं जिसमें उनके परिजन पूर्व में ही सक्ती में पदस्थापित रहे हैं एवं यहां की सेवाएं की है इसके कारण से उनकी सक्ती से विशेष लगाव है। उन्होंने नागरिकों को पुलिस की सहयोग की बात की। उन्होंने सड़क सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि लोगों को हेलमेट पहनना कितना जरूरी है कई दुर्घटनाओं के उदाहरण भी दिए और कार में सीट बेल्ट लगा कर चलने कहा। तत्पश्चात प्रतिबिंब अक्षय का रंगारंग आगाज हुआ। सर्वप्रथम प्ले क्लास के बच्चों के द्वारा भजन की थीम में नृत्य प्रस्तुत किया गया। नर्सरी क्लास के बच्चों के द्वारा मुगले आजम पंजाबी सॉन्ग डांस देखने को मिला। नर्सरी क्लास के बच्चों ने मोबाइल के प्रति बढ़ रहे लगाव व नुकसान के बारे में बतलाया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न त्योहारों में लोक नृत्य के माध्यम से बच्चों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में अतिथियों के द्वारा पूर्व में स्कूल में हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा कर पुरस्कार प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन प्रिंसिपल नीलम जायसवाल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र–छात्राएं।





